बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01 / भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03 / 2023 6384 / पटना, दिनांक :– 14/08/2023

आदेश

अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, कटिहार के पत्रांक 314 दिनांक 11.05.2023 द्वारा श्री सुमित कुमार शर्मा, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00506) के विरूद्ध कार्य में लापरवाही बरतने एवं कार्य असंतोषजनक रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4944 दिनांक 15.06.2023 द्वारा आरोपित से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है।

आरोपित से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत पाया गया कि आरोपित द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में अपनी भूल स्वीकार की गयी है। अतः इनके क्षमा याचना करने एवं दोबारा ऐसी गलती नहीं करने का दिए गए आश्वासन के दृष्टिगत तत्काल इनका संविदा नियोजन समाप्त न करते हुए कार्य में बरती गयी लापरवाही के लिए एक सप्ताह के मानदेय की कटौती का दंड दिया जाता है। इसके अतिरिक्त अनुपस्थित अवधि हेतु न तो कोई अवकाश स्वीकृत किया जाएगा न ही कोई भुगतान किया जाएगा।

साथ ही चेतावनी दी जाती है कि भविष्य में इसकी पुनरावृति होने पर इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 14/8/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03 / 2023 6384 / **पटना, दिनांक** :– 14/08/2023

प्रतिलिपि :– श्री सुमित कुमार शर्मा, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00506), बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03 / 2023 6384 / **पटना, दिनांक** :– 14/08/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01 / भू0अ0नि0(13)विशेष सर्वेक्षण कर्मी(आरोप) कटिहार–03 / 2023 6384 / **पटना, दिनांक** :– 14/08/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री शर्मा के व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 14/8/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप